भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड
नई दिल्ली– 110003

विज्ञापनसं.एमओईएस/18/10/2016-स्था.

राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी),चेन्नै में प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल रहने पर सीधी भर्ती (आवधिक) के आधार पर निदेशक के पद पर भर्ती

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), भारत सरकार अपने स्वायत्तशासीसंस्थान,राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी),चेन्नैमें प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल रहने पर सीधी भर्ती (आवधिक) के आधार पर निदेशक के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

(आर.के.बी.पटेल)
उपसचिव

यह विज्ञापन निम्नलिखितवेबसाइटों पर भी उपलब्ध है:

www.moes.gov.in,

www.persmin.nic.in

फा सं पृ वि मं/18/10/2016- स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड,

नई दिल्ली- 110003
दिनांक:- 21 अप्रैल, 2016

विषय: निदेशक, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नै के पद को प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल रहने पर सीधी भर्ती (आवधिक) के आधार पर भरना।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नै जो पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान है और जिसे वर्ष 1993 में तमिलनाडु रजिस्ट्रेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत स्थापित किया गया था एसएजी वेतनमान रुपए 37400-67000+ग्रेड वेतन 10000/- में निदेशक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। भर्ती की सभी प्रणालियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं यथा i) प्रतिनियुक्ति (लघु-अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल रहने पर ii) सीधी भर्ती (आवधिक) आधार पर। आवेदक कृपया स्पष्ट करें कि वे भर्ती की किस विनिर्दिष्ट पद्धति यथा i) प्रतिनियुक्ति (लघु-अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल होने पर ii) सीधी भर्ती (आवधिक) आधार पर अपनी अभ्यर्थिता पर विचार किए जाने के इच्छुक हैं ।

2. एनआईओटी, चेन्नै के मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य निम्नलिखित हैं:-

- समुद्रों के निर्जीव और सजीव संसाधनों के दोहन से जुड़ी हुई विभिन्न इंजीनियरिंग समस्याओं का समाधान करने के लिए विश्वसनीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करना।
- समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग हेतु विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकियाँ और उनके अनुप्रयोग विकसित करना।
- समुद्री संसाधनों और पर्यावरण के प्रबंधन हेतु भारत में ज्ञान आधार और सांस्थानिक क्षमताएं विकसित करना।
- समुद्रों में कार्यशील संगठनों को प्रतिस्पर्धी, मूल्य संवर्द्धित तकनीकी सेवाएं और सॉल्यूशंस मुहैया कराना।

**अर्हता एवं अनुभव: पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन हेतु जिसमें असफल रहने पर पाँच वर्षों की अवधि के लिए (आवधिक आधार पर) सीधी भर्ती**

**अनिवार्य :-**

i) स्नात्तक के साथ-साथ स्नात्तकोत्तर स्तर पर कम से कम प्रथम श्रेणी (60%) के साथ भौतिकी अथवा रसायन विज्ञान अथवा भूभौतिकी अथवा भू-विज्ञान अथवा समुद्र विज्ञान अथवा संबद्ध क्षेत्र में विनिर्दिष्ट किए गए किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नात्तक की डिग्री अथवा समकक्ष ।

ii) संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, सर्वेक्षण, प्रशासन, आयोजना, शिक्षण (स्नात्तक या स्नात्तकोत्तर स्तर पर), पर्यवेक्षण या प्रशिक्षण का 21 वर्ष (पीएचडी के साथ 18 वर्ष) का अनुभव ।

**वांछनीय :-**

i) संबद्ध क्षेत्र से संबंधित विज्ञान की किसी भी शाखा में पीएचडी अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा प्रौद्योगिकी में स्नात्तकोत्तर डिग्री

ii) महासागर और समुद्र विज्ञानों/प्रौद्योगिकी से संबंधित नीति निर्माण, आयोजना अथवा प्रबंधन में अनुभव अथवा संबद्ध क्षेत्र में परियोजनाओं के प्रबंधन का अनुभव ।

**कार्य का विवरण:** निदेशक, जो कि एनआईओटी का प्रमुख कार्यपालक अधिकारी होता है, एनआईओटी द्वारा कार्यान्वित विभिन्न प्रौद्योगिकी मिशन मोड कार्यक्रमों और अन्य तकनीकी सहायता वाले कार्यकलापों के निर्माण, विकास और कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होता है। वह, केन्द्र की योजना बनाने, प्रशासन और कार्य संचालन के साथ-साथ आंतरिक अनुसंधान एवं विकास कार्य-कलापों के निष्पादन के लिए भी उत्तरदायी होता है ।

**वेतनमान :** निदेशक का पद एसएजी वेतनमान 37400-67,000+ग्रेड वेतन 10,000 रुपए में होगा तथा अन्य भत्ते, संस्थान के नियमों के अनुसार होंगे ।

**आयु-सीमा :** सीधी भर्ती हेतु 55 वर्ष से कम आयु को वरीयता दी जाएगी । असाधारण रूप से योग्यता प्राप्त और/अथवा अनुभवी व्यक्तियों के संबंध में छूट पर विचार किया जा सकता है ।

**नोट:** आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख, भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी ।

**भर्ती की पद्धति:**

(i) प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन के लिए

केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ शासित प्रशासन जिसमें उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय शामिल है अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अर्द्धसरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों एवं अन्य गैर सरकारी निकायों में कार्यरत अधिकारी।

(i) मूल कॉडर अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए;

या

(ii) मूल कॉडर अथवा विभाग में वेतन बैंड-4, 37400-67000 रुपए+ग्रेड वेतन 8900 रुपए के पद में 2 (दो) वर्ष की 'नियमित' सेवा के साथ

या

(iii) मूल कॉडर अथवा विभाग में वेतन बैंड-4, 37400-67000 रुपए + ग्रेड वेतन 8700 रुपए के पद में 3 (तीन) वर्ष की 'नियमित' सेवा के साथ

नोट 1 :-

केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी अन्य बाह्य-संवर्ग धारित पद में तत्कालीन प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित, प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे भारत सरकार के नियमों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन मिलने के बाद पुन: पाँच वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक '56 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए'।

नोट 2:-

प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन आधार पर नियुक्ति के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले नियमित आधार पर की गई सेवा (जिस तिथि से छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिश के आधार पर संशोधित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है) को समदृश ग्रेड पे अथवा वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर विस्तारित वेतनमान में की गई सेवा समझा जाएगा सिवाय तब जब जहां सामान्य ग्रेड पे अथवा वेतनमान के साथ एक ग्रेड में एक से ज्यादा पूर्व

संशोधित वेतनमान को विलयित कर दिया गया हो और जहां इसके लाभ का विस्तार केवल उसी पद (दों) तक हो जिसके लिए वह ग्रेड पे अथवा वेतनमान, बिना किसी अपग्रेडेशन के एक सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड हो।

3. प्रतिनियुक्त अधिकारी, की इस पद हेतु प्रतिनियुक्ति तीन वर्षों के लिए होगी जो कि समय-समय पर संशोधित किए गए अनुसार दिनांक 17 जून, 2010 के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं 6/8/2009-स्था (वेतन II) में निर्धारित किए गए प्रतिनियुक्ति के नियमों द्वारा शासित होंगे और वेतन, समय-समय पर संशोधित किए गए। अनुसार दिनांक 5.1.1994 के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 1/29/91-स्थापना (वेतन II) के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

(ii) **सीधी भर्ती के लिए:**

सीधी भर्ती द्वारा (आवधिक आधार पर) संतोषजनक कार्य के विषयाधीन पांच वर्ष की अवधि के लिए अथवा अधिवर्षिता की आयु तक, जो भी पहले हो।

**चयन प्रक्रिया :** इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि अनुलग्नक I में दिए गए प्रोफोर्मा में अपने आवेदन भेजें। हर तरह से पूर्ण आवेदन उपसचिव, (स्था.) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 को संबोधित करते हुए विज्ञापन के, रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से छह हफ्तों (42 दिनों), (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश का लाहौल तथा स्पिति जिला तथा चंबा जिले का पांगी उप-प्रभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए **60 दिन**) के भीतर भेज दिया जाए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस पद पर नियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए अग्रणी वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों, वैज्ञानिक विभागों/संगठनों से भी नामांकन आमंत्रित कर सकता है।

यह विज्ञापन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वेबसाइट यथा : www.moes.gov.in / एनआईओटी, चेन्नै की वेबसाइट www.niot.res.in/ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट www.persmin.nic.in पर भी उपलब्ध है।

(आर.के.बी.पटेल)
उपसचिव (स्थापना)
टेलि: 011-24669515

फा. सं.पृविमं/18/10/2016 -स्था.

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन,लोदी रोड़

नई दिल्ली-110003

अनुलग्नक-I

आवेदन का फॉरमैट

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक कृपया स्पष्ट करें कि वे भर्ती की किस विनिर्दिष्ट पद्धति के आधार पर विचार किए जाने के इच्छुक है: यथा<br>i) केवल प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित)/आमेलन के आधार पर<br>ii) केवल सीधी भर्ती (आवधिक) के आधार पर<br>iii) प्रतिनियुक्ति (लघु-अवधि संविदा सहित)/आमेलन जिसमें असफल होने पर सीधी भर्ती (आवधिक) दोनों आधारों पर | | | |
| 2. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 3. | पिता/पति का नाम | | | |
| 4. | (क) जन्म तिथि | दिन | माह | वर्ष |
| | (ख) अंतिम तिथि को आयु | | | |
| 5. | राष्ट्रीयता | | | |
| 6. | धर्म | | | |
| 7. | श्रेणी: (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से विकलांग/ सामान्य ) | | | |
| 8. | क्या अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.वर्ग से संबंधित अपने दावे के समर्थन में उपयुक्त प्राधिकरण से दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किया गया है (कृपया चिन्ह लगाएं) | हाँ | | नहीं |
| 9. | पत्राचार का पता (स्पष्ट अक्षरों में पिनकोड सहित) | | | |
| 10. | स्थायी पता (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | मोबाइलनं./ ई-मेल पता: | मोबाइलनं.<br><br>ई-मेल पता: |
| 12. | शैक्षिक अर्हताएं (10वीं कक्षा से कालक्रमानुसार ) | |

| क्रम सं. | उत्तीर्ण पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय/ संस्थान/बोर्ड | किस वर्ष में उत्तीर्ण किया | लिए गए विषय | डिवीजन /श्रेणी सहित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. व्यावसायिक प्रशिक्षण

| संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

14 रोजगार रिकार्ड (पहली नौकरी से प्रारम्भ करते हुए कालक्रमानुसार)

| नियोक्ता/संस्थान का नाम और पता | अवधि | | धारित पद का पदनाम और वेतनमान | कार्य का स्वरूप और उत्तरदायित्वों का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | अंतिम रोजगार का विवरण<br><br>(i) स्थायी/अस्थायी/तदर्थ<br><br>(ii) वेतनमान और मूल वेतन<br><br>(iii) अन्य भत्ते<br><br>(iv) कुल वेतन (ii+iii)<br><br>(v) कृपया बताएं कि आपका संगठन केन्द सरकार का संगठन है या राज्य सरकार का संगठन या केंद्रीय स्वायत्त शासी संस्थान या केंद्रीय सरकारी उपक्रमया राज्य सरकार उपक्रम या सांविधिक निकाय या विश्व विद्यालय या अन्य कोई-कृपया स्पष्ट करे<br><br>अगर यह रोजगार प्रति नियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं।<br>(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख<br>(ख) प्रति नियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br>(ग) मूल कार्यालय/संगठन/सेवा का नाम बताएं जिससे आप संबंधित है | |
| 16 | अनुसंधान कार्य/अनुभव का ब्यौरा, यदि कोई हो। | |
| 17 | पद के लिए अपेक्षित अनुभव के संदर्भ में विशेषज्ञता | |
| 18 | अभियुक्ति, अन्य कोई सूचना जो आपदेना चाहते हैं [जैसे प्रकाशनों की सूची, प्रबुद्ध सोसाइटियों की सदस्यता, पुरस्कार तथा मान्यता आदि) | |
| 19 | संलग्नकों का ब्यौरा | |

20.घोषणा

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है एवं इसमें कुछ भी छिपाया/हेर फेर नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय ऐसा पाया गया कि कोई सूचना मेरे द्वारा छिपाई/हेर फेर की गई है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना/क्षति पूर्ति के तुरंत समाप्त की जा सकती है।

स्थान :

(उम्मीदवार का नाम वहस्ताक्षर)

दिनांक :

## संगठन/कार्यालय अध्यक्ष द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण का सत्यापन किया गया और यह सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस पदाधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सर्तकता संबंधी मामला लंबित अथवा अपेक्षित नहीं है। इन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई भी छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है। इनके अद्यतन सीआर डोजियर (पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर सहित) संलग्न है। साथ ही अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जातीहै।

स्थान:

(संगठन/कार्यालय अध्यक्षका नाम व
हस्ताक्षर और कार्यालय की मोहर)

दिनांक:

**सामान्य शर्तें:**

I मंत्रालय के पास कोईभी कारण बताए बिना आवेदन रद्द करने का अधिकार है।

II निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं एवं इन अर्हताओं के होने मात्र से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदारनहीं हो जाता है। यदि विज्ञापन के जवाब में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसे सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेना सर्च कम सलेक्शन समिति के लिए सुविधाजनक या संभव नहीं होगा। उन उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जिन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है/ नियुक्ति के लिए नहीं चुना गया है। **किसी भी प्रकार की सिफारिश किए जाने की स्थिति में उम्मीदवारी रद्दकर दी जाएगी।**

III अनुभव,अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं पूरी करने के बाद गिना जाएगा।

VI **आवेदन कैसे करें**: आवेदन नीचे दिए गए निर्धारित फॉर्मेट में मोटेसा दे पेपर (ए-4 आकार 210x297मिमी.) पर साफ-साफ टाइप किया जाए।

(क) सरकारी/अर्ध सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी/सांविधिक संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से आवेदनक।

(ख) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हताओं, जन्मतिथि, तथा अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की प्रतियां संलग्न की जाए। उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(ग) अंतिम तिथि के बाद अथवा किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन पत्रों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी अभ्या वेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) हर तरह से पूर्ण आवेदन उप सचिव (स्था.) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को रजिस्टर्ड डाक से एक लिफाफे में, जिसके ऊपर **एनआईओटी,चेन्नै में निदेशक के पद के लिए आवेदन'** लिखा हो, को इस विज्ञापन के रोजगार समाचार/प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के **42 दिन के भीतर,** (असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश केला हौल तथा स्पितिजिला तथा चंबा जिले का पांगी उप-प्रभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए**60 दिन**) **के भीतर** भेज दिए जाएं।

**यह विज्ञापन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वेबसाइट यथा www.moes.gov.in/कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट** www.persmin.nic.in**तथा एनआईओटी की वेबसाइट http://**www.niot.res.in/**पर भी उपलब्ध है।**

(आर.के.बी पटेल)
उपसचिव